पुनरावर्तन-1

प्रश्न 1. प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(1) मनुष्य क्या-क्या कर सकता है?

(2) बेटी की क्या-क्या तमन्ना है?

(3) राज-काज का काम कैसे अच्छी तरह से चल सकता है?

(4) चौथी स्त्री का बेटा सचमुच हीरा था? क्यों?

(5) आप माता-पिता को कौन-कौन से काम में मदद करते हैं?

(6) डॉ. कलाम ने ई-मेल से हमें क्या सीख दी है?

प्रश्न 2. रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखिए :

एक चरवाहा - जंगल में बकरियाँ चराने जाना - एक बकरी का दूर चले जाना - भेड़िए का आना - बकरी को खाने की इच्छा - बकरी को गाना गाने की इच्छा - में-में करना - आवाज़ सुनकर चरवाहे का लाठी लेकर आना - भेड़िए का भाग जाना - बकरी की जान बचना - सीख।

कहानी को उचित शीर्षक दीजिए।

प्रश्न 3. अपने विद्यालय में मनाए गए प्रजासत्ताक दिन के बारे में जानकारी देता हुआ पत्र अपने मित्र को लिखिए।

प्रश्न 4. शब्दकोश की सहायता से निम्नलिखित शब्दों के तुरंत पहले और तुरंत बाद में आनेवाले शब्द लिखिए :

(1) .... गाँव	(2) .... कसाई ....
(3) .... हास्य	(4) .... अभ्यस्त ....
(5) .... समुदाय	

प्रश्न 5. निम्नलिखित शब्दों को संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण में वर्गीकृत कीजिए :

[नर्मदा, क्या, भय, थोड़ा, जिसको, सेना, हम, ज्यादा, सुन्दर, अग्नि, सातवाँ, मनुष्यता, कई, तीनों, यह, मोटा]

प्रश्न 6. निम्नलिखित काव्यपंक्तियों का भावार्थ लिखिए :

(1) धरती-सा धीर, तू है अग्नि सा वीर,
तू जो चाहे तो काल को भी थाम ले,

(2) निज को तू जान, जरा शक्ति पहचान,
तेरी वाणी में युग का आह्‌वान है रे।

◆